किसानों को नये नये आविष्कारों का लाभ न मिलना

2873. **श्रीमती सुषमा स्वराज:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के अनुसंधान केन्द्रों में किए जा रहे नए-नए आविष्कारों का पर्याप्त लाभ देश के किसानों को नहीं मिल रहा है ;

(ख) यदि नहीं, तो क्या यह सच है कि देश के आम किसानों विशेषकर सीमान्त और लघु किसानों को इन नए-नए आविष्कारों की जानकारी देने के लिए जिला और ब्लाक स्तर पर किसी प्रभावी व्यवस्था का अभाव है ; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इस बात को सुनिश्चित करने के लिए अब क्या व्यवस्था की गई है कि देश के अनुसंधान केन्द्रों द्वारा किए गए सफल प्रयोगों का इस्तेमाल सीमान्त और लघु किसानों द्वारा भी किया जा सके ?

कृषि मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री एस0 कृष्ण कुमार): (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) अनुसंधान केन्द्रों द्वारा उचित प्रयोग और वैधीकरण/मूल्यांकन के बाद विकसित प्रौद्योगिकी को अनुसंधान केन्द्र से विस्तार एजेंसियों को स्थानान्तरित किया जाता है, जो इसके बदले छोटे और सीमान्त किसानों सहित किसानों की सिफारिश को अपनाने के लिए इससे परिचित कराते हैं।

प्रौद्योगिकी अंतरण के प्रक्रिया में सामान्यतया निम्नलिखित शामिल हैं (i) जिला या जिला समूह के स्तर पर अनुसंधान और विस्तार कार्यकर्त्ताओं के बीच मासिक कार्यशाला (ii) प्रमंडल (प्रखंडों के समूह) आधार पर क्षेत्र विस्तार कार्य कर्त्ताओं को पाक्षिक प्रशिक्षण (iii) प्रशिक्षण, प्रदर्शनों तथा खेत में ही निदेश देने के जरिए किसानों की शिक्षा के लिए क्रमश: उनके नियत दौरे।

इसके अलावा नई प्रौद्योगिकियों से परिचय कराने के लिए कृषि मेले, जन संचार माध्यम एवं मुद्रित सामग्री के माध्यम से जानकारी देने की व्यवस्था की जाती है।

कृषि उत्पादन में वृद्धि

2874. **श्री रामजेठमलानी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में 70 और 80 के दशक की तुलना में 90 के दशक में कृषि के उत्पादन में अधिक वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि गत दशकों के दौरान देश के कुल निर्यात में से कृषि उत्पादों के निर्यात की प्रतिशतता में निरन्तर कमी हुई है ;

(ग) यदि नहीं, तो 70 और 80 के दशक के मध्य में देश के कुल निर्यात में से कृषि निर्यात कितने प्रतिशत था ; और

(घ) 90 के दशक के मध्य यह कितने प्रतिशत होने का लक्ष्य है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) देश में 90 के दशक से अब तक (1993–94 तक) कृषि उत्पादन की वृद्धि दर यद्यपि 80 के दशक से मामूली कम है लेकिन 70 के दशक से अधिक है।

(ख) तथा (ग) देश के कुल निर्यात में कृषि उत्पादों के निर्यात का प्रतिशत समय के साथ-साथ कम हुआ है। 70 के दशक के मध्य (1975-76) में तथा 80 के दशक के मध्य (1985–86) में देश के कुल निर्यात में कृषि उत्पादों के निर्यात का प्रतिशत क्रमश: 37.0 और 27.7 था।

(घ) देश के कुल निर्यात में कृषि उत्पादों के निर्यात के प्रतिशत का कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। बहरहाल, 1993–94 में देश के कुल निर्यात में कृषि निर्यात का प्रतिशत 18.7 था।